Chaudhary Charan Singh University, Meerut
Charak School of Pharmacy

(B. Pharm – First Year & Lateral Entry; Session 2024-2025)

पेज से संबंधित अपनी राय, सुझाव और प्रतिक्रिया chiefreporter@mrt.jagran.com पर भेज सकते हैं।

7

दैनिक जागरण
मेरठ, 28 अप्रैल, 2024

पंजीकरण आज से

फार्मेसी में प्रवेश के लिए आज से कराएं पंजीकरण

जागरण संवाददाता, मेरठ : चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही परिसर स्थित चरक स्कूल आफ फार्मेसी में संचालित बी-फार्मा प्रथम वर्ष व लेटरल एंट्री में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए पंजीकरण रविवार 28 अप्रैल को शुरू होगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.ccsuniversity.ac.in/ccsum और https://www.csopccsu.com पर आनलाइन पंजीकरण होंगे। जो विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश लेना चाहते हैं, वह सभी अभी से अपने कागजात एकत्र करना शुरू कर दें। इनमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के साथ लेटरल एंट्री के लिए डी-फार्मा की मार्कशीट होनी चाहिए। इनके अलावा आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है। पंजीकरण करते समय विद्यार्थी अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आइडी सही भरें। प्रवेश संबंधित सभी जानकारी पंजीकृत ई-मेल आइडी और मोबाइल नंबर पर ही मिलेगी। पंजीकरण में किसी भी तरह की समस्या होने पर फार्मेसी विभाग के मोबाइल नंबर 7217334353 पर या फार्मेसी विभाग में जाकर संपर्क कर सकते हैं।